प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## प्रधानमंत्री सिविल सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ पानी, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय पहुंच और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर सिविल सेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रशासन, पारदर्शिता और नवाचार में नए मानक स्थापित कर रहा है। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस पहल के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में स्वास्थ्य, सामाजिक विकास और बुनियादी ढांचे के प्रमुख संकेतकों में अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। इस अवसर पर नरेंद्र मोदी ने सिविल सेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने दो ई–बुक भी जारी की।

---

## धरना

बैकलॉग कोटे की भर्तियां करने की मांग को लेकर दृष्टिबाधित संघ के सदस्य आज फिर से शिमला स्थित सचिवालय के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। दृष्टिबाधितों का कहना है कि लगभग डेढ़ वर्ष से शिमला में अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे है और खुले आसमान के नीचे सचिवालय के बाहर भी 25 दिन धरना प्रदर्शन करते हुए हो गए हैं लेकिन सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि कई बार सरकार के साथ बातचीत भी हुई है और जब तक बैकलॉग कोटे की भर्तियां नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा।

---

## पर्यटन

मैदानी क्षेत्रों में तापमान बढ़ने से अब हिमाचल में गर्मियों के पर्यटन सीजन की शुरूआत हो चुकी है। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में होटलों की बुकिंग अब 70 से 80 फीसदी पहुंच गई है। शिमला–कालका हेरिटेज ट्रैक पर सभी ट्रेनें 15 मई तक के लिए बुक हो गई हैं। कुल्लू–मनाली

में भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं जो यहां की प्राकृतिक सुंदरता व साहसिक पर्यटन का आनंद ले रहे हैं।

-------------------------------------------------------

## मौसम

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते बीते आज प्रदेश के कई स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा व ओलावृष्टि हो रही है। ओलावृष्टि से जहां सेब सहित अन्य फलदार पौधों को नुकसान हुआ है वहीं निचले मैदानी इलाकों में गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 7 जिलों सोलन, शिमला, बिलासपुर, हमीरपुर, सिरमौर, उना और मंडी में वर्षा और अंधड़ का कम जारी रहने की संभावना जताई है।

-------------------------------------------------------

## ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम

एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू द्वारा आज से 4 मई तक ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विंग कमांडर कमांडिंग ऑफिसर, कुणाल शर्मा ने बताया कि आई आई टी मंडी और एन आई टी हमीरपुर के सहयोग से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ से दो प्रशिक्षक और 16 प्रशिक्षु हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षु अपने–अपने राज्यों में एन सी सी कैडेटों के लिए ड्रोन प्रशिक्षण आयोजित करेंगे। इससे ड्रोन तकनीक में जागरूकता और कौशल विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में ए.बी आई एम ए एस, मनाली, एन डी आर एफ, एचपी पुलिस और ड्रोन सुविधाओं वाले हिमाचल सरकार के अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान भाग लेंगे।

-------------------------------------------------------